आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 08.06.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को दिलाएंगी पद और गोपनीयता की शपथ।
- प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों एवं तालाबों का किया जा रहा है जीर्णोद्धार
- विष्व अभिलेख दिवस के अवसर पर कल होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और गरज–चमक का अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री–शपथ ग्रहण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। श्री मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। नामित प्रधान मंत्री ने कहा कि स्थिर सरकार भारत और इसकी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**<u>सूचना</u>**

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के कारण कल शाम के प्रादेशिक समाचार 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर षाम साढ़े 6 बजे से 6 बजकर 40 बजे के बीच प्रसारित होंगे।

**संवर्धन अभियान**

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण का कार्य किया जाएगा। 16 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में आरंभ होंगे। मंदसौर नगर पालिका परिषद के द्वारा कुओं बावडीयों की सफाई का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है । सीहोर जिले में अभियान के अंतर्गत

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण एवं जल स्त्रोतों के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। नीमच,रायसेन, आगरमालवा,खंडवा सहित अन्य जिलों में भी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यसमिति

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने कार्यसमिति की बैठक के बाद एक संवाददता सम्मेलन में कहा कि कार्यसमिति का मानना है कि राहुल गांधी का नेतृत्व एक मजबूत और सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगा।

## योग दिवस

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन, सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। वहीं आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान के साथ निजी मीडिया संगठनों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखेगा। हर आंगन योग पहल के अंतर्गत, लगभग दो लाख स्थानों को कवर करते हुए, पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## विश्व अभिलेख दिवस

विष्व अभिलेख दिवस के अवसर पर कल 9 जून से मध्यप्रदेश की अभिलेखीय विरासत पर आधारित दुर्लभ अभिलेखों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी "इतिहास के पन्ने" का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित यह प्रदर्शनी 15 जून तक रहेगी। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की भूतपूर्व रियासतों की झलक, तत्कालीन राजनैतिक घटनाओं, प्रशासनिक निर्णयों तथा अन्य विषयों से संबंधित ऐतिहासिक दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की विभिन्न रियासतों के शासकों के छायाचित्र, मानचित्र, प्रतिक चिन्ह एवं वंशावली इत्यादि भी प्रदर्शित किये जा रहे है। आम जनता द्वारा प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से षाम 5 बजे तक निःशुल्क देखी जा सकेगी।

नीट–एनटीए

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट अंडर ग्रेजुएट 2024 देशभर में पूरी तरह से पारदर्शी और शुचितापूर्ण रही है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ है। यह परीक्षा इस वर्ष पांच मई को हुई थी और चार जून को इसका परिणाम घोषित किया गया।

**फिल्म फेस्टिवल**

जनसम्पर्क मध्यप्रदेश के उपक्रम मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "अजय ध्वजा" 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2024 मिफ में दिखाई जाएगी। विश्व के चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल्स में शामिल मिफ का शुभारंभ 15 जून को शाम 5 बजे मुंबई के नेशनल परफोर्मिंग आर्ट्स सेंटर में होगा। फिल्म अजय ध्वजा का चयन "भारत अमृत काल में" केटेगरी में किया गया है। फिल्म में भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा और इतिहास का विस्तार से संगीतमय चित्रण किया गया है। सात दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में फिल्म जगत से जुड़ी नामी हस्तियां शिरकत करेंगी। विभिन्न केटेगरी में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर उभरते हुए फिल्म मेकर्स के लिए वर्कशॉप, मास्टर क्लासेस और पेनल डिस्कशन होगा।

**मौसम**

प्रदेष में पिछले दो दिन से राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में मौसम बदला हुआ है। इंदौर, भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और गरज–चमक का अलर्ट है। इससे पहले कल धार, रतलाम, कटनी, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। वहीं, कुछ जिलों में गर्मी का असर भी है। ऐसा ही मौसम आगामी दिनों में भी बना रहेगा। उधर, मानसून लगातार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इसके समय पर मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना बनी हुई है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की पूरक परीक्षाएं आज से शुरू हो गई। शिवपुरी जिले में हायर सेकेंडरी के लिए आठ जबकि हाई स्कूल के लिए दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।
- आगरमालवा कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट तैयार कर 10 जून तक पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देष दिये है।
- सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजनों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका में कल 09 जून को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

...........